फूटा रत्न जेकर बेरंग होवे और कटमें मछेके समान होवे परंतु तरह तरहकी परीक्षा द्वारा इसका हाल अमल मालूम होवेगा १८ ॥ रत्न पारखी पण्डित रेखा प्रभेद लघुता कोमलता इनही स व विजाति निशान अनुसारसे अनायास सजात मणिका विचार कर सकेहै ॥१९॥ मणिके जड़नेसे दस्तकारीके दोषसे वेड़ रत्नभी खराब होतेहै और उस्ताद हाथका जड़ाऊ होया बहुत थोड़ा कदर रत्नभी होवे अच्छा भासताहै २० ॥ महागुण संपन्न एक तोला इन्द्र नील का जो मोल होताहै गुणशाली दोषल क्षणियका वही मोल होताहै २१ ॥ भागशील अथवा बहुप्रकार मणिधारे राजा अथवा जितेन्द्रिय सन्यासी को इन कोई दोष वाला लक्षणिया धारणे से जरूर पतित होवेगा २२ ॥ औरे नामत वेदगीके मत अनुसार इह रत्न धारणेसे चित्तका प्रसन्नता होताहै और मुखकी दुर्गंधि दूर करताहै अरु बालकोंके कफरोग दूर होतेहैं ।

32

और जो शोधके अंजन कर नेत्रमें डाले
तो नेत्र रोग दूर हो जातेहैं जो मिसके
प्रकार दांतों पर लाया जावे दांत निर्म
ल पुष्ट होतेहैं और जो जलाइके चूरण
करके कंठमें लावे तो गलकी पीडा त
था वाउ रोगादि दूर होतेहैन और लहू
को शुद्ध करताहै और जो इस्त्रीको बा
लोंके साथ बांध्या जावे तो उह सुख
प्रसूता होतीहै पीडा नहीं पावतीहै
और इसके धारणेसे दुःस्वपनभी नहीं
आवतेहैन ॥ मोतीका व्याख्यान
हाथी मेघ सूकर शंख मछलि सरप
सिप और बांस इन सब वस्तोंमें मोति
उत्पन्न होताहै यह संसारमें प्रसिद्धहै
परंतु इन सबमेंसे मोति सिपमें ज़्यादा
उत्पन्न होताहै ॥ मतपंनालालि ।
इहसि पकामोति समुद्रमें सात ठोडि
ओंसे पैदा होतेहैं प्रथम संगला द्वीप
में काहल नाम जागामें पैदाहै दूसरा
बसरा नाम जागामें पैदाहै तीसरा से
लान देसमें पैदाहै चौथा मशाकतमें
पैदाहै पांचमा बरहनमें पैदाहै छेमा

जहां स्थानमें पैदाहै समम हरिकाकि
पश्चिम खाडिमें पैदाहै ॥
मेघ होकर जलके बूंदके अनुसारसें
जो मोती पैदा होताहै उसकी महा र
त्नमें संख्या होतिहै मनुष्योंको बहुत
दुर्लभहै देवता लोक आकाशहीमें उ
सको ले लेतेहै २ ॥ हाथी सरप सू
कर और मछलि इन सबके मस्तकमें
और बांश सिप और शंखके पेटमें मो
ति होताहै ३ ॥ हाथी और सर्पके म
स्तकमें जो मोति उत्पन्न होताहै विना
तपस्याके वह मोति बहुत दुर्लभहै मेघ
बांश सिप और शंखमें अछे अछे मो
ति उत्पन्न होताहै ४ ॥ पहिला जो
प्रकार मोतिकी वर्णा कहगए उसमें
से सिप मोति वेधा अर्थात् उसी जातका
मोति वेधा जाताहै उसके बगैर और
जातका मोति अवेध अर्थात् वेधनः
ही होसक्ता अरु पाणी वर्षणासे जो
मोति उत्पन्न होताहै वही सब मोति
प्रधानहै ५ ॥ बांश हाथी सिपि म
छलि शंख और सूकर इन सबसे जो

33

मोति उत्पन्न होताहै यही सब मोति नि
र्मल नहि होताहै परंतु मंगल कार्य्यमें
बहुत उत्तमहै ६ ॥ गज विद्याके पंडि
तोने हाथीकी चार प्रकारकी वर्णो
नाकहै ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य श्रोर शू
द्र चार जातीहै इस कारण गजमोति
चार प्रकारका होताहै ७ ॥ जो मोति
पीला पनहै सफेद रंग होवे वह ब्राह्म
ण वर्णहै जो मोति पीलापन माइल
लाल रंग होवे वह क्षत्रिय वर्णहै जो
मोति पीलापन माइल श्याम वर्णहै
वह वैश्य वर्णहै जो मोति पीलापन
माइल नीलवर्ण होवे वह शूद्र वर्ण
होताहै ८ ॥ मच्छसे उपजा होवे मो
ति उसके बराबर श्रच्छा गोल तोल
में भाएहोवे श्रोर सूर्य्यके समान ते
जकी खान पेसा मोति देवताश्रोंके
भोगमें रहताहै मनुष्योंको दुर्लभहै
९ ॥ श्यामदेशके बीच कंबोज ना
म काबल नगरमें जो हाथी उत्पन्न
होताहै उसके मस्तकमें जो मोति
पेदा होताहै वह सब मोति श्रामलेके

समान तोलमें भारी जयादा पीला प
रन्तु थोडा सफा होता है १० ॥ जो स
र्पसे मोति उत्पन्न होता है वह अच्छा गो
ल देखनेमें अच्छा होता है और थोडा
नीलापन होवे अरु बहुत सफा चा
मकने वाला पुण्यहीन मनुष्योंको ए
सा मोति नेत्रोंसेभी देखना प्रारब्धमें
नही होता है ११ ॥ मेघसे जो मोति
उत्पन्न होता वह कदी पृथ्वी नही
छुता आकाशहीसे देवता लेजाते है
उस मोतिका एसा तेज है कि मध्या
नके सूर्य्यके समान उसपर नेत्र नहि
ठहरता है १२ ॥ मेघसे जो मोति उत्प
न्न होता है वह प्रकाशसे अग्नि चन्द्र
मा नक्षत्र तारा और ग्रह गणोंको म
न्द करदेता है अरु वहि मोति जिस प्र
कार दिनको प्रकाश होता है इसीप्रका
र गाढे अंधेरेमें प्रकाश करता है १३ ॥
उत्तम किरणों विशिष्ट रत्नोंसे भरि
कारी समुद्र भूषित रत्नोंसे भरि सारि पृ
थ्वीभी एक मेघ उत्पन्न होवे मोतिके
समानमें नहि हो सकति १४ ॥

34

बहुत छोटा मनुष्य प्रारब्धके जोरसे
किसी तरह एक मेघसे प्राप्त हुया
मोति और जितने दिन वह मोति उस
केपास रहेगा उतने दिन वह मनुष्य
सम्पूर्ण पृथ्वीका राज्य करेगा ९ ॥
मेघसे उत्पन्न हुयाहोवे मोति ऐसा न
हिंह कि एक उसके मालिकका ही
भलाकरे परंतु जिस राजाके राजमें
ऐसा मोति रहे उसको छे योजनतक
हर रहनेवाली प्रजाका दुःखका नाश
करेगा ९ ॥ जल तेज और वायु इ
न तीन तत्वके मिलनेसे मेघ उत्पन्न
होताहै इसी प्रकार मेघसे उपजा हु
या मोति तीन प्रकारका होताहै अ
र्थात किसीमें पाणी किसीमें तेज
अरु किसीमें वायुका हिस्सा जयादा
अथवा थोडा रहताहै अर्थात जिस
मोतिमें पाणीका हिस्सा जयादा रह
ताहै वह बहुत साफ अच्छा तोलमें
जयादा और बहुत प्रज्वलितहै ९ ॥
जिसमें तेजका हिस्सा जयादा होताहै
वह बहुत चमकवाला बहुतगोल

श्रोर सूर्यके समान उसपर नेत्रनहि ठहरताहै श्रोर जिसमें वायुका हिस्सा जयादा होताहै वह जयादा प्रकाश वाला होताहै श्रुरु गोल बहुत साफ श्रोर तोलमें थोड़ा होवेगा १८ ॥ सूकरके मस्तकमें जो मोति उत्पन्न होताहै वह मोति सूकरके दंतके समान सफेदवर्ण होताहै परंतु किसी किसी जगामें सूकरके शिरीरके समान रंग होताहै १९ ॥ जिस प्रकार मनुष्यके ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य श्रोर शूद्र चार जातीयांहै उसी प्रकार सूकरभी चार जातिका होताहै श्रोर उसमें उत्पन्नहुया मोतीभी चार जातिका होताहै २० ॥ ब्राह्मण जातका मोति सफेदवर्ण श्रोर चिकना क्षत्रिय जातका मोति सफेद मायेल लाल छूनेमें कर्कश कावहुरा २१ ॥ वैश्य जातका मोती सफेद मायेल पीलापन श्रोर छूनेमें चिकना श्रोर शूद्र जातका मोति सफेद नीलापन लियहुये श्रोर छूनेमें कर्कश २२ ॥ कर्कशकावहुरा

35

जो मोति बेर फलके समान और सू
करके दांतके समान सफेद होवे ऐ
सा सूकरके जातका मोति देखनेमे
बहुत अच्छा और पुण्यहीन मनुष्य
को नहि मिल सकताहै २३ ॥
जिस शंखका पीलारंग होवे और
मुखकाला रंग ऐसेही शंखमें मो
ति उत्पन्न होताहै इसवास्ते अब उस
के जातीके मोतिका हाल लिखा
जाताहै २४ ॥ शंखसे जो मोति उ
त्पन्न होताहै उसका कद बडे बेरके
समान होताहै और उसका रंग शं
खके पेट समानहै शंखवाला मोति
और हाथीके मस्तकका मोति सब
मे श्रेष्ठ और मंगल करनेवालाहै २५
शंखके मध्य पांचजन्य शंख सबमें
प्रधानहै उसके वंशमें जो शंख हो
ताहै उसका मोति कबूतरके अंडे
के समानहै और ओले पथ्थरके स
मान सफेद निर्मल प्रकाशमान औ
र देखनेमें मनको हरनेवाला होता
है २६ ॥ अश्विनी आदि नक्षत्रमें स

तारे नक्षत्र तक सत्ताईस प्रकारका
शंख पैदा होताहै इसी तरहसे शंख
में उत्पन्न हुया मोतिभी सत्ताईस प्रका
रका होताहै २७ ॥ शंखसे पैदाहुये
मोतिमें सफेद काला थोडापीला
बहुत लाल जयादा पीला हलका
खाकी और ईटका जैसा रंग इसी प्र
कारसे नौ प्रकारका रंग होताहै २८
अश्विनी आदि सत्ताईस नक्षत्रके मध्ये
अश्विनीसे आदि अश्लेषातक यही
नौ नक्षत्रमें जो उत्पन्नहुया मोति
तोलमें बहुत भारी होताहै और मघा
नक्षत्रसे ज्येष्ठा नक्षत्रक यही नौ नक्ष
त्रजातका मोति फकत तोलमें थो
डा भारी होताहै और मूला नक्षत्रसे
रेवती नक्षत्रतक यही नौ नक्षत्र जा
तका मोति तोलमें हलका होताहै २९
जो शुक्ति समुद्रमें पैदा होतिहै उ
सके मुखमें मोतिजो पैदा होतिहै
मछलिजातका मोति बहुत गोल दे
खनेमें छोटा तोलमें हलका और उस
का वर्ण बोयाल मछलिके पिठके

36

समान होताहै ३० ॥ तिमि मछलि
से जो मोति उत्पन्न होताहै उसकी
डौल घुघटी अर्थात् गञ्जाके समा
न होताहै तोलमें बहुत हलका पा
टली पुष्पके समान रंगमें होताहै
और अछा देखनेमें उससे और कदमें
तोल पर जयादा आबदार नहि हो
ताहै ३१ ॥ वायु १ पित्त २ कफ ३
वायुपित्त ४ कफपित्त ५ वायुकफ ६
और वायुपित्त कफ ७ यही सात प्रका
रकी मछलिभी होतिहै इसवास्ते मछ
लिसे उत्पन्न हुया मोतिभी सात प्रका
रका होताहै ३२ ॥ जिस मछलिमें प
वन जयादा होवे उससे उत्पन्न हुया
मोति तोलमें बहुत हलका अरुणाव
र्णहै जिस मछलिमें पित्त जयादा हो
वे उससे पैदा हुया मोति हलका पीला
रंगहै और कोमल होकरसे सितावी
हूटजावेगा जिस मछलिमें कफ जया
दा होवे उससे उत्पन्न हुया मोति तोल
मे भारा और सफेद रंग होताहै और
जिस मछलिमें वायुपित्त ज्यादा होवे

उसका पैदा हुआ मोति गोलमें बहु
त हलका और कोमल होकरके टूट
जावेगा ३३ ॥ जिस मछलिमें वायुक
फ ज्यादा होवे उससे पैदा हुया जो
मोति सो कदमें कुछ बडा होताहै और
जिस मछलिमें पित्तकफ ज्यादा हो
वे उससे उत्पन्न हुया मोति बहुत सा
फ शुद्ध निर्मल होताहै जिस मछलि
में वायु पित्त कफ तीनो समान हो
गा उससे पैदा हुया जो मोति सो पूर्व
लिखित ताल गुणयुक्त होवेगा और
इसी सात प्रकारकी मछलिके मोति
के मध्य जो मोति एक धातु प्रधान
अथवा सर्वधातु प्रधान मछलिसे
पैदा होवे वही शुभदायकहै ३४ ॥
सर्पके मस्तकमें जो मोति उत्पन्न हो
ताहै वह अच्छा गोल बहुत साफ औ
र ज्योति ऊपर तलवारके धारके समा
न नीलारंग होताहै ३५ ॥ जिस सर्प
के मस्तकसें मोति उत्पन्न होताहै व
ह वासुकि वंशका सर्प होताहै और
ऐसा सर्प पृथ्वीपर सबजागा नहि पै

37

दा होताहै कदाचित् किसी पवित्र देश
मे ऐसा सर्प देखा जाताहै ३६ ॥
सर्पके मस्तकका उत्पन्न हुया मोति
गोल होताहै देखनेमे बडा सुंदर नी
लरंगकी आभासहित बहुत प्रज्व
लित ऐसा मोति पुण्यहीन मनुष्यको
नेत्रसे देखनाभी प्रारब्धमें नहि हो
ताहै ३७ ॥ सर्पके मस्तकमें जो मो
ति पैदा होताहै वहभी ब्राह्मण क्ष
त्रिय वैश्य और शूद्र चार वर्णका होता
है उसमेंसे जो ब्राह्मण वर्ण होवे उ
सका कद ... कलफलके समान
होताहै जो क्षत्रिय वर्ण उसका कद
छोटे बेरके समान होताहै और जो
शूद्रवर्ण उसका कद गुञ्जाके समान
होताहै ३८ ॥ पुण्यवान मनुष्य ब
हुत रत्न धन लक्ष्मी या बहुत यत्नसे
प्राप्तहोनेवाली राजलक्ष्मीको हासिल
करके जिस तरहसे चमकनि ऐसा
नी और नाराणी चेहरा होताहै उसी
प्रकारसे सर्पके मस्तकका एक मो
ति धारण करनेसे तेजवाला होताहै ३९

जिसवक्त कोई मनुष्य इत्रपारसीके मत
के अनुसार अच्छे वक्तमें सर्पके मस्तकसे
इसनकृषेमें मोतिको स्थानमें रखतेहै उस
वक्तमें आकाश मण्डलमें चन चन दुन्दु
भि बाजेकी धुन होतिहै इसकारण जो
मनुष्य खजानेमें सर्पका मोति रखे वह
मनुष्य कहीं सर्प राक्षस निशाचर और
डाकू इत्यादि से नहि खताहै ४० ॥
किसि किसि जगामें मछिककेभी मस्त
में मोति होताहै पण्डित लोक उस मोति
कोभी सर्पके मोतिके समान कहतेहैं ४१। ।
सिंहल पारलौकिक अब इसवक्तमें न
हि मालूमकर्ते कि उसका नाम क्याहै
सौराष्ट्र सुराष्ट्र नामपर्ण पश्चिम चाह
पर्वतके पास पारसीक पारस्यदेश को
बीर केलास पर्वतके निकट पांच द्रावि
ड के अन्तर्गत विराट मत्स्यदेश इनो अ
ठों देशोंमें मोती उत्पन्न होताहै ४२ ॥
सूर्य्य जिस समे स्वाती नक्षत्रमें रहता
है उस समे में जो जलकी बुन्द सिपीमे
पडतिहै उसी जलकी बुन्दके द्वारा बडा
ने साफ अर्थात बहुत रोशन मोती पैदा

होताहै ४३ ॥ जलकी बूंद जिस प्रका
रकी वर्षेगी उसी प्रकार मोतिभी होता
है अर्थात् जेकर जलकी बूंद बडी हो
वेगी तो बड़ा मोति होवेगा और जो म
ध्यकी बूंदसें मध्यम मोति होएगा और
पतलि बूंदसे छोटा मोति होताहै ४४।
पन्नालालीमत ऐसा जिसमें शब्द दिखो
ई देताहै शुद्ध सुपेद चिकन ॥
सिंहलदेशी मोति बहुत चमकदार गो
ल होताहै और साफ मोमके समान रं
गहै पार लौकिक देशका उत्पन्न हुया
मोति उसमें चुबेजैसा चिन्हहै और तो
लमें बहुत भारी होताहै ४५ ॥ ता
म्रपर्णी देशका उपजाहुया मोति लोबे
के रंग होताहै पारस देशका मोति पीला
रंग होताहै कौबेर देशका मोति पीला
रंग होताहै कौवेर देशका मोति थोड़ा
श्याम रंग होताहै और बड़ा कर्कश होता
है खिहुरा पाण्डुदेशका मोति फिका
सफेद होताहै विराट देशका मोति शु
क्लवर्ण अरु कर्कश तथा खिहुरा होता
है ४६ ॥ पन्नालालिमत ॥

और बसरेका मोति चिटा चमक थोडिहै
सेलानका मोति जर्दि माइलहै नाम मग
ज कहतेहै मसकतका मोति स्याही मा
इल नामस्यानि कहतेहै विरहनका मोति
सुंदर चमक थोडीहै जद्देका मोति लंबा
ईकुपर नाम बावलिआहै चमक रहतेहै
द्वारिकाका मोति होला स्याही माइलहै
यह सात खाडिओंसे पैदा होतेहै ॥
जो निर्दोष मोती चार रती दाणाहोवे त
व कीमत ५०) रुपैए को विकताहै सो
चार रती पैनोवोआई एक दाणा ४५०)
सोइ चारसो भया जो चिटा चमक विक
नाई गोल छेकवरी कनवीन होवे सो
कीमत दारहै जो स्यानी मगज नामहै
सो अठ आने वोसे दस रुपैए वोनके
कीमतहै सात पड्देका मोति उत्तमहै
मध्यम मगज ऊपर पड्दे पांचहै अध
म स्यानीपे पड्दे तीन यादा होतेहै औ
र मोतीइ सब गोल मिलाय नीले कप
डीच राखे तब चमक दार रहताहै और
मोती ज्यादा गरमी पहिसे जादासी तब
तरसे सताबी बिगड जाताहै इसकी औ

39

भांमेसिफतहै ॥ मतंपन्नालालि ॥
रुक्मिणी नाम एक जातका सिप पैदा
होताहै परंतु उस जातका सिप थोड़ा
है उसमें जो मोति उत्पन्न होता वह नि
हायत खुश रंग सफेद और बहुत सा
फ और जायफलके समान बड़ा इस प्र
कारका मोति बहुत आदर वालाहै ४७ ।
रत्नपारखी पंडितोंके मतके अनुसार
उत्तम छुटा देने वाला और गोल देखने
में रमणीय और निर्दोष मोति बहुत दु
र्लभहै और बे कीमतहै और राजके यो
ग्यहै उस जातका मोति कम नसीबके
योग्य नहिंहै बड़े प्रताप मानके योग्य
होताहै ४८ ॥
जिस प्रकारके ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य
और शूद्र चार जात होतिहै उसीप्रका
र सिपमेंभी चार जातहै उससे पैदा
हुआ मोतिभी चार जातकाहै ४९ ॥
जो मोति सफेद रंग सारा तोलमें भारी
चमकदार और तेजस्वी होवे उसको
ब्राह्मण वर्ण कहतेहै जो मोति थोड़ा
लालहोवे और देखनेमें बड़ा लाल रं

ग वह शुद्ध वर्ण मोतिहै ५१ ॥
बांशसे जो मोति पैदा होताहै वह देखने
मे वहमेंके समान शुक्ल वर्ण और उस
का कद कंकोल फलके समान बडा इ
स जातका मोति खास कोइ कोइ मनु
ष्य बहुत पुण्यके जोरसे दोघा एक पा
वेताहै ५२ ॥
पृथ्वी आदि पंच महाभूत अर्थात् मिट्टी
जल पवन अग्नि और आकाश इसी प
व तत्वके कमी बशीसे बांशभी पांच
प्रकारका होताहै इसकारण बांशजा
तका मोतिभी पांच प्रकारका होताहै ५३ ।
जिस मोतिमें पृथ्वीका हिस्सा जयादा
है वह तोलमें भारी अरु बहुत सफा
है जिस मोतिमें तेजका हिस्सा ज्यादाहै
वह तोलमें हलकाहै जिस मोतिमें ह
वाका हिस्सा जयादाहै वह थोडी ठोक
रसें टूट जाताहै और कदमें बडाहै और
जिस मोतिमें आकाशका हिस्सा जया
दाहै वह छूनेमें अच्छा और तोलमें थो
डा अर्थात् हलका होताहै ५४ ॥
जिस मोतिमें जलका हिस्सा जयादा

है वह चमकदार सादा और साफ: यही
पाव जातके मोति धारणेसे किसी प्रका
रकी व्याधि अर्थात शरीरके दुःखका
मे नहि होताहै ५५ ॥

रक्त पारसी पाण्डुर पीला मधुके स
मान रंग शुक्ल वर्ण और नील वर्ण
यही प्रकारका आभा मोतिकी कह
तेहै ५६ ॥

पीला आभा युक्त मोति लक्ष्मीका
नधारा करने वालाहै मधुके समान
आभा विशिष्ट मोति बुद्धिको देने वा
लाहै शुक्लवर्ण आभायुक्त मोति य
श देने वाला होताहै और नील आभा
मोति सौभाग्य देने वालाहै ५७ ॥

शुक्ल आभायुक्त मोति ब्राह्मण वर्ण
है प्रातःकालके सूर्यके समान आ
भायुक्त मोति क्षत्रि वर्णहै अरु पीत
आभायुक्त मोति वैश्य वर्णहै और
कृष्ण आभायुक्त मोति शूद्र वर्णमें
संख्या किया गयाहै ५८ ॥

मोतिका गुण

सुतारत्व सुवृत्तत्व स्वच्छत्व निर्मलत्व

ग्रनत्व स्निग्धत्व स्वछायत्व और अस्फु
टितत्व यही अठ प्रकारके गुण मो
तिमें होताहै ५९ ॥
जिस मोतिमें तारेके समान आभा
निकले वह सुतारःहै जो मोति गो
ला कारहै वह सुवृत्तहै ६० ॥
जो मोति निर्दोष होवे उसको स्वछ
कहतेहै जो मोति मलिन ना होवे उ
सको निर्मल कहतेहै और जो मोति
तोलमें भारी होवे उसको घन कहतेहै
जो चन्द्रमाके समान किरण विशिष्ट
होवे उसको स्निग्ध कहतेहै जो मोति
उत्तम छाया विशिष्ट आभा विशिष्ट
उसको स्वछाय कहतेहै और जो मो
ति साफ सुथरा होवे उसको अस्फु
टित कहतेहै ६२ ॥
जो सफेद रंग कांचके समान उत्तम
किरण विशिष्ट राहू मछलिके समान
आभायुक्त ऐसा मोति देवता ओंके
जेवरोंके योग्यहै ६३ ॥
एवंविध जिन सब गुणोंकी वार्ता कहि
गईहै वही सब गुणयुक्त मोति जो

41

मनुष्य धारणकरे उसकी आयुरदा औ
र लक्ष्मी दोनोंकी वृद्धि होतीहै सर्व
पापका नाश होताहै ९४ ॥
जो मोति तोलमें भारी अच्छा दीप्ति
विशिष्ट सुफेद गोल समान और वा
रिकबेध सिवाय खरीदके देखने वाले
कोभी आनन्द देनेवाला होताहै और
ऐसा मोति सबमें अच्छाहै ९५ ॥
जो मोति सब प्रकार निर्दोषहै वही
मोति अपने मालिकका सब दुःख ना
श करने वालाहै और उसके मालिक
का कोई दुःखहो नहि सक्ता ९६ ॥
जिस घरमें निर्दोष मोति रहताहै च
ञ्चल लक्ष्मी उस घरमें सर्वदा का
ल अचल रहतिहै ९७ ॥
मोतिके उत्पन्न इसकी जगहका देखना
कुछ जरूर नहि उसका दोष रंग और
रूप देखना चाहिये ना समझना चाहि
ये कि फलानी जगाका उत्पन्न हुया
मोति अच्छा होताहै और फलाने जगा
का पैदाहुया माठा होताहै क्यों कि
सब जगामें माठा चंगा दोनो प्रकारका

मोति उत्पन्न होताहै ८८ ॥

मोतिका दोष ॥

रत्नपारखी पंडितोंने मोतिके दस प्रकारके दोष कहेहैं उसमेंसे चारप्रकारके बड़े दोष कहेहैं और छे प्रकारके मध्यम दोष कहतेहैं अलग अलग उसका लक्षण लिखतेहैं ८९ ॥

जिस मोतिके किसी रंगसे सिपका टुकड़ा लगारह जाताहै उसको शुक्तिलग्न दोष कहतेहैं शुक्तिलग्न दोषवाला मोति धारणेसे बिमारि होतिहै ७० ॥

जिस मोतिमें मछलिके नेत्रके समान एक प्रकारका निशान रहनेको मीनात दोष कहतेहैं और वह दोष पुत्रका नाश करने वालाहै ७१ ॥

जो मोति दीप्ति और आभा ना रहनेको जठर दोष कहतेहैं जठर दोषवाला मोति धारणेसे दारिद्र होताहै इसकारण इस प्रकारका मोति धारना मनासिब नहि ७२ ॥

जिस मोतिमें मुंगेके समान आभा निकलनेको अतिरक्त दोष कहतेहैं अतिरक्त

दोषी धारनेसे जरूर मृत्यु होतीहै ७३ ॥

जिस मोतिमें कडेके समान तीन रेखा
होवे उसको त्रिशूल दोष कहतेहैं त्रिशू
ल दोषयुक्त मोति सौभाग्य नाशकरताहै ७४
जो मोती गोल नहि होवे उसको चिपिट
कहतेहैं चिपिट तीन धारनेसे सदाई
अयश अर्थात् बदनामी प्राप्त होतीहै ७६ ।
जो मोति त्रिकोण होवे उसका नाम त्रि
स्रु कहतेहैं त्रिस्रु दोषवाला मोति धार
णसे सौभाग्य नाश करेहै और जो मो
ति लंबा होवे उसको कृश कहतेहैं कृ
श दोषवाला मोति धारणसे बुद्धि जा
वेगी ७७ ॥
जो मोति किसी जगाहमें टूटा होवे उ
सको कृशपार्श्व कहतेहैं इस प्रकारका
मोति बहुत माड़ा होताहै और इस जा

तका मोति धारणेसे मनुष्य उद्योग रहि
त होताहै १८ ॥
जो मोति बिलकुल गोल नहि होवे
नाना प्रकारके बिमारी ओंके दोषोंसे
भराहुआ होवे और देखनेमेंभी सुन्द
र नहि होवे और बहुत गुणहीन होवे
ऐसा मोति सब प्रकारकी लक्ष्मीका
नाश करनेवालाहै इसकारण उसका
मोलभी बहुत थोडा होताहै १९ ॥

आगेपन्नालालिमतसे ।

और ऐबकहतेहै सो सात प्रकारकेहै
प्रथम गर्ज दोषहै इह मोति फूटेकी मा
निंद दिखाई देताहै दूसरा लहर दोषहै
इसमें बहुतबारीकलकीर दिखाई दे
तिहैं तीसरा गोडीनाम दोषहै जो चो
गोर्ड उगोलकीर दिखाई देतिहै चोथा
चोभा नाम दोषहै इह उस सीतलाकी
मानिंद जो अंदर पडेगो होवे पंचमकाग
वासी दोषहै जो मोति कालेरंगका हो
ताहै इह निपत बुराहै छेमा नामेसरी
दोषहै इह तांबेके रंगकी छाया प्रतीत
होतिहै सप्तम चिड्डा दोषहै जो एकत

43

कि दबाहुआ हमरा हुवा होताहै इस प्र
कार २२ सात पव लिखेहै पंनालालिमन ।
मोति बनाया होवे अथवा असल होवे
शक होनेसे रत्नपारखी पण्डितके द्वारा
उसकी परीक्षा करणा उचितहै ८० ।।
सवेरे सुके कपड़ेमे रखकर और थोड़ा
चाउल लेकर हाथसे रगड़ना चाहिए ८१
इसी प्रकार करनेसे असल मोति खरा
बना होवे औरभी साफ होवेगा और
बनायाहुया मोति उसीसमे टूट जावेगा ८२
नमक मिलाहुया गौके मूत्रके भरेहुवे
वर्तनमे मोतिको रखकर अग्निपर थोड़ा
थोड़ा गरम करना फेर उसको हाथसे
उठाकर धानके छिलकेके साथमे घ
सनेसे बनायाहुया मोति टूट जावेगा
और असल मोति औरभी साफ करेगा ८३
पहिले मछलिका पेट गरम होवे फेर
उसको दूध शराब या साफ पाणिमे
सामोती आस्ते आस्ते पकावना फेर
उसको साटे कपड़ेमे रखकर घसना
चाहिए असल मोति होनेसे बहुत सा
फ और आबदार होवेगा मोतिका जेक

र लेंबुके रसमें पकावे तों बे धनमें ।
बहुत सुलभ होताहै ८५ ८६ ॥
इति मोतिका बषान ॥ १९२ ॥

गोमेदका बयान २३। ॥

हिमालय पर्वत और सिन्धुनदमें गोमेद उत्पन्न होतेहैं स्वच्छ गुरु स्निग्ध गहरा रंग दीप्तिमान सफेद अथवा पीला रंग गोमेद बहुत कीर्ति लायक होताहै १ ॥ जिस प्रकारसे ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्र चार जाती होतेहैं उसी तरह गोमेदभी चार प्रकारका होताहै सफेद जात ब्राह्मण होताहै लालरंग क्षत्रियजात होताहै थोड़ापीला वैश्यजात होताहै और थोड़ा नीला शूद्रजात गोमेद होताहै सफेद लाल पीला और काला होताहै यही चार प्रकारकी छाया इसी चारजातके गोमेदसे निकलतेहैं २।३। भारी प्रभाविशिष्ट सफेद रंग स्निग्ध कोमल बहुत प्राण और स्वच्छ गोमेदसो बहुत धनको देनेवाला होताहै ४ ॥ हलका बदसूरत नयादा खुरदरा अथवा थोड़ा खुरदरा भ्रान्तिजनक अर्थात शक पैदा करनेवाला अस्निग्ध मलिन गोमेद लक्ष्मी भोग और बलको नाश करताहै ५ ॥

हीरेका जितना दोष कहा गयाहै सो
गोमेदमेंभी वही सब दोष पायाजाताहै
रत्नपारखी पण्डित अग्निया कसवटीसे
गोमेदकी परीक्षा करतेहैं ६ ॥
निर्दोष गोमेदका मोल सबके मतके
समान् नहि होताहै किसीके मतके अ
नुसार जेकर एक तोला गोमेदहोवे दो
तोला सोणा मोल इसका होताहै औ
र किसीके मतके अनुसार एक तोला
मूंगेका जो मोल होवे वही मोल एक
तोला गोमेदका होताहै अरु कोई कह
तेहैं चामरके समानभी मोल गोमेद
रत्नकाहै ७ ११६ ॥
कपटी सदागर स्फटिकमें गोमेद बना
तेहैं ब्राह्मणादि चार प्रकारका हीरा धा
रणेसे जो फल होताहै चार प्रकारका
गोमेद पहरनेसे वहीफल होताहै ८
११७ ॥
इति गोमेदका बयान ॥

45

अथ गोमेदका लक्षण ॥

यह हिमालय देस सिंधुनद अर्व देसमें
इसकी खानहै इसका रंग चार प्रकारका
है इसमें जरदी सुरखी मिलीहुई स्याही
कीछाया चमकथोड़ी तोलहलकाहै
या रंग सफेद सुरखी माइलहै या जरदी
सुरखी माइलहै या केवल नीला हुन
रखताहै यही ब्राह्मण आदी चारवरण
कहेहै और इसका खोटा कांचका बन
ताहै सो अंदरका चमकारा गुम रहताहै
इसकी कीमत चारदाव आठ आने को
डीसे बीस रुपये कोड़ीतक बिकाऊ हो
ताहै और गोमेदके अंदर चकमकड़ी जाल
बन जाला दिखाई देताहै सो एव अतिहा
नी करहै और त्रास दोषभी लगाने या
लहै और परीक्षा सांणके ऊपर रगड़ दे
खनेसे या सानका शब्द सुननेसे प्रतीत
होताहै गोमेदका शब्द नर्म आउताहै औ
र नीलमका शब्द बहुत सखत जैसे हा
थीका चिंकारहै और हीरेकी अवाज प
सेहै जैसे बड़े जोरकीहवा बंदहो तमामसे
निकलसो सांसन सेन सद होताहै ॥

विद्रुम अर्थात मुंगेका बयान ३३८
सफेद समुद्रके मध्ये वज्ररूपिणी एक
प्रकारका लताकार रत्न उत्पन्न होताहै
उसको विद्रुम अर्थात मूंगा कहतेहै ॥१॥
पण्डित जिस मूंगेको धारतेहै वह मूं
गा जिस प्रकार ब्राह्मण क्षत्रि वैश्य औ
र शूद्र चार जाते होतेहै इसी तरह उस
कोभी चार जातीया होतीहै २ ॥
खरगोशके नेत्रके समान लाल कोम
ल और बहुत स्निग्ध मूंगा ब्राह्मण जा
त होताहै ब्राह्मण जातका मूंगा देख
नेसे बहुत अच्छा होताहै और जलदि
वेध होताहै ३ ॥ ३
कनेलका पुष्प बन्धूलीका फूल सिन्दू
र अथवा अनारके फूलके समान लाल
लेसा मुशकिलसे वेधनेवाला और अ
स्निग्ध मूंगा क्षत्रिय जात होताहै ४ ॥
पलाशपुष्प और पाटलीपुष्पके समान
सरव रंग स्निग्ध थोड़ा कान्तिविशिष्ट
मूंगा वैश्य जात होताहै ५ ॥
जो मूंगा लाल कमलके समान रंगवा
ला सख्त जिसकी चमक थोड़े दिन रहै

और जो बूझत जलदि बेधा जाय वह
शूद्र जातहै ६ ॥
लाल रंग स्निग्धता सरू कायिम रंग
और अच्छा सुंदर मुगा यही कहगये
सो खास गुण करहै और यही सब
गुणयुक्त मुगा धन धान्यकी वृद्धि क
रने वाला होताहै ७ ॥
हिमालय पर्वतेमे गहरा लाल रंगका
मुगा पैदा होताहै इसको धारणेसे
नेहरका रोग नाश होताहै ८ ॥
बदरंगी छिद्रधरापन यही दो मुगेके
प्रधान दोषहै इसके बगैर छीर काक
पद और छिटक बगैर हीरेमे जो दोष
होतेहै वही सब अधव मुगेमेभी अ
कसर होतेहै ९ ॥
छिर दोषमे यश और लक्ष्मीका नाश
होताहै आवर्त दोषवाला कुलका नाश
करताहै परिवर्त दोषवाला बिमारी पै
दा करताहै छिटावाला भी दौलतका
नाश करताहै त्रास दोषवाला त्रास दे
ताहै और नीला अंब वाला मृत्युका
कारणहै १० ॥

निर्दोष मुंगेका मोल उसके तोलसे दूना
खालिस चांदी होवगी ऐसे मुंगेको धार
णेका फल जिस प्रकार जान भेदके हिसा
बसे लिखेहुये रत्न देतेहै उसी प्रकारसे
मुंगाभी फल देताहै ११ ॥
कर नाम एक मुनिका वचनहै कि जो म
नुष्य बद सूरत विजाति नीवा ऊचा बद
रंग और खेरुरा मुंगा धारताहै वह आप
नि मोत आप लावताहै १२ ॥
गुरुता स्वच्छता कान्ति और कठिनताभी
कोइ एक रत्नके प्रधान गुण होवन् प
रंत हीरेके बगैर और रत्नोंका भारी हो
ना तारीफहै १३ ॥
धूर्तजन बुद्धिबल करके निर्दोष रत्नके
समान झूठा तैयार करसक्तेहै इसकार
ण शास्त्रके प्रमाणके बराबर रत्नकी प
रीक्षा लिखि जातिहै १४ ॥
हीरेके द्वारा झूठा हीरा बेतकलीफ घे
स्या जाताहै और झूठा मोति जलमें लू
ण मिलाकर धोनेसे नष्ट होजाताहै १५ ॥
रत्न पारखी पण्डित कहतेहै कि पास
र घसनेसे माणिक आदि झूठा ग्रह स

47

वा मालूम हो सक्ती है १६ ॥
ऐसे गाछकी छाल वगैरहसे जिसको
पाणीमें देकर पकावनेमें पाणीका रंग
बदरंग होजावेगा और उस पाणीमें क
स आजावेगा ऐसे जलमें जिस रत्नको
छोड़ देनेसे उसका रंग वदरंग होजावे
गा और घसनेसे नरम होवे उसको
झूठा कहते हैं १७ ॥
राजा लोकोंको मनासिब है इस प्र॰
कारके समान रत्नकी परीक्षा करके
फेर उस रत्नको खजानेमें रखनेकी
आज्ञा देवे इस सबबसे आयु लक्ष्मी औ
र पशु वृद्धि और जय प्राप्ति होवेगा १८
परिष्कृत कोमल स्निग्ध और उत्तम
वर्ण विशिष्ट मूंगा मनुष्योंको हित
कारी होताहै धन धान्य करनेवाला
होताहै और जहिरका रोग नाश क
रने वालाहै १९ ॥
इति मूंगका बयान ॥

१५० मरकत अर्थात पन्नेका बयान
नर्कि देशके समुद्रके करीब नीचि कु-
वी पृथ्वीमे पन्ना पैदा होताहै पन्नेका
गुनर और दोष संक्षेप करके बयान
होताहै १ ॥

पंना लालि मत

यह पंना चार किसम काहै एक पुरा-
णे खानका दूसरा नई खानका तीस-
रा नई खानका पुराणे जैसाहै और रंग
भी दो तराकाहै एक सबज दूसरा का-
हीहै काहीकीमतमे घटहै ॥
पन्नेके मध्य जो कर्कश अर्थात खुरदरा
नहि होवे सो चंगाहै और जिसका रंग
सबज तोतेके गलजैसा शिरीष फूल
खियानकी पिठ इन चास कोइ फूल
पाता और मयूरके पांखोके समान स-
बज रंग यही सब जो बहुत अच्छाहै २

मत पंना लालि ॥

और पुरातन खानका जोहै उसका रंग
ऐसें जैसें खेती बीच धानोंकी साखका
रंग जरदि माइल सबजिहै और नरम च-
मक चिकनाई तेज तोलमें हलका सो

उत्तम है ॥ पन्नेकी खानसे जो कुछ
उत्पन्न होवे वह सब जहरके रोगको
नाश करता है ३ ॥
सर्पका जहर जेकर मंत्र और दवासे द
रनही होवे वह पन्नेके जरियेसे नाश
होता है ४ ॥
पन्नेकी खानसे अगर और कोई दूसरे
किस्मकी निर्दोष मणि उत्पन्न होवे
तो उसको उमदा अथवा उत्तम क
हते हैं ५ ॥
जो पन्ना गुणहीन और तोलमें बहुत
हलका होवे अरु सब जगह रंगमें ब
राबर सूर्य्यकी किरणसे स्पर्श करके
सब मकानको रोशनी करे ६ ॥
अथवा जो रंगमें हलका लेकिन उस
के भीतरकी आभा जिस प्रकार बिजली
चमकनेसे घासके ऊपर दिखलाई देती
है अथवा जिसके देखने हीसे मनमें
बहुत खुशी प्राप्त होती है रत्नपारखी
पण्डितोंके मतके अनुसार वही पन्ना
निहायत अच्छा होता है ७ ॥ ८ ॥
जो पन्ना हाथपर रखनेसे सूर्य्यकी कि

रणके लगनेसे अपने किरणको निका
ले और चारों तरफ को रोशनसा करे
उस पन्नेको महा मरकत कहते हैं ९ ॥
रंगमें निहायत गहरा और जिसके बीच
का हिस्सा साफ चन अर्थात् गहरा रंग
स्निग्ध और मयूरके पुच्छके समान को
मल किरण विशिष्ट वही पन्ने मध्ये उ
त्तम पन्ना समझा किया गया है १० ॥
जो पन्ना साफ रोशन विशिष्ट परंतु व
ही रोशनि लेकर चञ्चल हो तो उसके
होनेसे उसका गुण पहिले कहयाहै
पन्नेके समान नहिहै ११ ॥
जिस प्रकारसे ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य औ
र शूद्र चार जात होतेहैं उसी प्रकार इस
में महा मरकत मणिमेंभी चार जातहै
छाया भेद और प्रकार प्रकारके लक्षण
के द्वारा चार जातका भेद मालूम होताहै १२
मरकत मणि अर्थात् पन्नेमें सत प्रकार
का दोष और पंच प्रकारका गुण और
अष्ट प्रकारकी छाया कहते है १२ ॥
जो स्वाभाविक स्निग्ध नहि उसको रू
ल कहते है ऐसा पन्ना धारणसे विना

री होतीहै और जो पन्ना किसी जगह पी
ला रंग रखताहै उसको विष्फोट कहते
है विष्फोट पन्ना धारणेसे शस्त्र घा
तसे मृत्यु होतीहै १४ ॥
पथ्थरके टुकडे सहित पन्ना धारणेसे
मनका अभिलाष नष्ट होताहै और जि
सका आकार मलिन होवे उस पन्नेको
विच्छाय कहतेहै ऐसा पन्ना होनेसे तर
ह तरहकी बिमारी पैदा होतीहै १५ ॥
वीनि अर्थात् सफेद शर्करके चूरके स
मान चूर युक्त पन्नेको कर्कर कहतेहै क
र्कर पन्ना पुत्रको नाश करताहै और का
न्तिहीन पन्नेको जठर बोलतेहै जठर प-
न्ना धारणेसे दंत देनेवाले जान वरोंका
भय उत्पन्न होताहै १६ ॥
पन्नालालिमत ॥
और जिसके अंदर सबजि माइल सुपेद
जाला नजर आवे सोभिचगा नहीहै औ
र जिसके अंदर बाहिर सबजिमे सुपेदी
कीछाया प्रतीत होवे उसका नाम अभ्र
रकिहै पभी मागने यापहै और जिसमें
काला बिंदुया लंबाईमें दिखाइदेवे सो

भीनिंदहै और जिसमें रेशा होवे सोभी
निंदहै और जिसकी जिलामें फर्क होवे उ
सको गंगाकानाम कहतेहै पभी निंदहै औ
र जिसका अक्षका चमकारा कम होवे उ
सको गमगमा कहतेहै पभी निंदहै ॥
उडदीके दालके समान वर्ण विशिष्ट अ
र्थात् रंग वाला पन्ना या ऐसे मसका
मध होताहै यहांसत प्रकारका अब ब
यान किया गयाहै संपति उनका ब
यान करतेहै ८ ॥
निर्मलत्व गुरुत्व स्निग्धत्व अरजस्कत्व
और सुरंगत्व यही पंच गुण पन्नेके प्र
धान गुणहै यही सब गुणयुक्त पन्ना
सब पापको नाश करताहै ८ ५
रत्नपारखी पण्डित कहतेहै कि धन
धान्यादि जयदा करणेके वास्ते लडा
ईके वक्त जहरके समै रोगके वास्ते अ
थर्ववेदकी विधिके कर्म करणेके समैं
उसी सब काममें पन्नेकी माणि बहु
त अच्छिहै २ ॥
मयूरकी कंठ नीलकण्ठ पंखीका रंग
सबज काच शिवाल टनानेकी पिठ ७

हके बड़े नवीनघास और शिरीषफूल
यही अठ प्रकारकी छाया पन्नेमें दिखला
ई दिती है और यही अठ प्रकारकी छाया
विशिष्ट पन्ना बहुत अच्छा है २१ २२ २३
पन्ना पहला जो पन्ना सिवाइ समान
छायायुक्त बहुत सुंदर रंग और आसके
दोषसे वर्जित पाइत उसको वेमोल और
सबको नहीसका नाश करनेवाला है २४ ।
पन्नेके बेगैर हमारा रत्न टूट जानेसे म
लाई चाहने वाले उसको धारे नहि
खरीदे नहि २५ ॥
जो पन्ना झूठा मालूम होवे उसको
किसी सच्चे पन्नेसे घसना चाहिये तब
झूठा पन्ना टूट जावेगा २६ ॥
जो हमारा एक प्रकारके लोहेकी कलम
की उड़ि जिससे ताल पत्र पर लिखते है
उससे खत देकर चूना लगानेसे झूठा प
न्ना मलिन हो जावेगा और असल पन्ना
बहुत साफ होवेगा २७ ॥
जिस पन्नेका रंग मिलाया हुइ शाकके स
मानहै वह विजातिमें किय गया है २८ ।
रेशमी कपड़ेमें घसनेसे पीतके एसा रं

गवाला फूटा पन्ना अपनि चमक छोड़
देवेगा और सबज़ कांचका बनाया हुया
पन्ना हलका होनेसे अनुसार मालूम हो
जावेगा २९ ॥
और खोटा पन्ना पांच प्रकारका है एक टो
रमाम पथ्थर है इह सावितिमे तोलमे ज्यादा
रंग होता स्याहीलिए जर्द है अंदरका चम
कारा नहि रखता है इसकी पहछान जेइह ए
की कठन है ऐसे देखे तो इसके नीचे चोन
के स्याही लभती है दूसरा मर्गोज़ नाम पथ्थ
र है इसकि सबजिमे चिट तार ऐसे चमक
ते जैसे लेहसनी चमक है इह जातिहीन तो
लमे भारा है तीसरा बिलोर एभी जडाओं
मे पन्ना लभता है सो पन्नेके एवजी के इस
के मोटे है आभाविकता ८ थोड़ी तोलमे
भारा है चौथा शाम देसमे अब नई खान
निकली है सो भी पन्नेके समान लभता है र
ग सबजनेका होता है इस ऊपर जिला नहि आउ
ती आवे तो ठहरती नहि इह तोलमे भारा
इसका पथ्थर भी नर्म है इसके अंदर जाला
मोटा जैसे बिलोरके अंदर होता है और की
मतभी बिलोरके बराबर है ४ पंचम कांचका

बनता है सो भी ऐसा प्रतीत होता है खोटा
जड़ाऊ भूषणमें देखना कठन है और एक
खोटा डुपलका नाम है जो एक पड़दा बिलो
री दूसरा निहायत होले ऐनेका जो पेटका
साफ होवे इह दो पड़दे मध्यरंगदे मसाले
साथ जोड़ते है सो खरे के बराबर हो जाता
है पछान ऐनेका पत्थर चिकन बिलौरका
रेषा तब इनके अंदरकी तर्फ़न जरदे र
खोपन देखे इह डुपलका देखना बड़ी च
तराईका काम है ऐसे देखना कठन है जे
कर जड़ाऊ होवे तब इस प्रकार देखे हाथ
की दो अंगुली साथ पकड़ एक गिठ भर
नेत्रके आगे नेत्रोंके सन्मुख रखे नीचे
अंगूठा देकर तर्जनी अंगुल ऐनेके मध्य
रखे फिर देखे तब डुपलका प्रतीत होता
है और लकीर खेंच नेसे भी प्रतीत हो
ताहै

एक अदद माणिक एक अदद पन्ना जो
कर तोलमें समानहो तो पद्मरागसे प
न्नेका मोल ज्यादा होवेगा ३० ॥
जिस दोषसे पद्मराग अर्थात् माणिकका
मोल थोड़ा होताहै पन्नेका उस दोष हो
नेसे बहुत मोल थोड़ा होवेगा ३१ ॥
इति मरकतका बयान ॥ ॥

52

आगे पंनेके घाटोंके नाम लिखतेहै ॥
तावड़ा १ मेथेला २ लंबीमणि ३ गोलमणि
४ केरकी इहनाम इसकाहै जो तोलमें एक
रत्तीसें घटहोवे ५ गोशवारा ६ तखति ७
ढालना ८ तावीज ९ खोरदारमणि १० खो
लदार ११ इहजारां तराके घाट लिखेहै आ
गे कीमत कहतेहैं प्रथम तावड़ा इह इस
पंनेका नामहै जो पहलदारहोवे इसकी
कीमत तीन रुपए रत्तीसेले तीनसौ रत्ती
तक विकताहै इसकी कीमत इस प्रकार
जादाहै जो इस घाटका विका विलायत
इंगलिस्तानमेंहै आर जो मेथेला नाम
घाटहै सो कछोपड़की सकल होताहै इस
की कीमत चार आने रत्तीसे ले सो रुपए
रत्तीतक विकताहै आर गोलमणि इहघा
ट गोलाकारहै इह दो रुपए रत्तीसें ले पचा
स रुपए रत्तीतक विकताहै आर ऐसेंही
गोसवारा घाट विकताहै इह घाट सरूंकी
सकलहै असली एकसौ रुपए रत्तीतक
इनका भावहै बाकीके सभघाट ऐसेही
विकतेहै आर कोरे पंनेको खड़ नाम करके
वोलतेहै आर जब खानसें निकलताहै

तब गेनेरीका घाट गोल लंबाई ऊपर नि
कलताहै इसके चुगिर्द थोड़ी सपेदी नज़
र आउतीहै और अब नईखान जरमन दे
समें निकलीहै उह पंनाभी सारीमे पुरा
ने पंने जैसा होताहै और टोडा नाम पथ्
र मगीज पथ्थर इनकी कीमत चार आने
रत्तिसे ले आठ आने रत्तीतक विकताहै
इन पथ्थरोंके नग कारीगर खोटे पंने बना
य सच्चे माफक करदेतेहै इनकी परीक्षा
जड़ाऊ भूषणोमें कठनहै ॥

मतपंना लाली ॥

जहां मानक नीलम पैदाहै तहां पुषराज
भी पैदाहै सो प्रभात सूर्यवत आभावा कु
दन सुवर्ण वत पीत छायाहो तब उत्तमहै
रंगचिटा शुद्ध चिमकदारहोवे बिलोर वत
सो सामान्यहै और उत्तम धारे तो धन आयु
कुलवृद्धी होतीहै और उरंग रूथकवीर
छिटक त्रास दोष आदिसागे और तांबड़ा
घाट आठ आने रत्तीसे सात रूपए रत्तीत
क विकताहै और जो चिटा रंगहै उसका
पर्व घाट हीरेके समान बनताहै नाम प
रबी पुषराज बोलतेहै उह खोटा पीलेके

कै नकका बनताहै दूसरा जर्द सवनहला
पथ्थरका बनताहै तीसरा पथ्थरका बन
53 ताहै चौथा नर्म कची पुखराजका भी ब
नताहै जो पर्वे चाटहै सो ॥) आठ आने
कोडीमें दस रुपैय ७) कोडीतक विक
ताहै ॥

१८८। पुष्पराग अर्थात पुखराजका बयान
थोड़ा पीलापन लियेहुये मनोहर थोड़ा
सफेद रंग पत्थरको पुष्पराग अर्थात पु
खराज कहतेहैं वही पुखराज थोड़ा पी
लापन लियेहुये लालरंग होनेसे को
रुण्डक कहतेहैं और थोड़ा लाली मा
यिल पीलारंग और स्वच्छ होनेसे कषा
य कहताहै और थोड़ा सुर्खी मायिल
सफेद रंग और स्निग्ध होनेसे सोमाल
क कहतेहैं और बहुतरंग होनेसे पद्म
राग कहतेहैं और बहुत नीला होनेसे
इन्द्रनील कहतेहैं १।२।३॥
रत्नपारखी पण्डित कहतेहैं पुखराजका
माल और धारणेसे फल लसुनियाके
समानहै खास कर बन्ध्या स्त्री पुखराज
धारणेसे लड़केवाली होतीहै ४॥
शणके पुष्प समान कान्तिविशिष्ट स
ज्जे चिकणा पुखराज बहुत पाक और इ
सी प्रकारका पुखराज धारणेसे अपुत्र
पुत्रवाला होताहै और निर्धनको धन
प्राप्त होताहै ५॥
रत्नपारखी पण्डितोंके मतके अनुसार

थोड़ा पीला रंग छायाविशिष्ट स्वच्छ औ
र मनोहर कान्तिविशिष्ट पुखराज उत्तम
है ६ ॥

जिस प्रकारसे ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य औ
र शूद्र चार जातका होतेहैं उसीप्रकार
पुखराजभी चार जातका होताहै और
वही चार प्रकारकी पुखराजमेभी छा
या होतिहै सफेद जरद थोड़ा सफेद
और काला यही चार प्रकारकी
छाया निकलतिहै ७ ॥

जो मनुष्य उत्तम उत्तम छाया विशि
ष्ट और निर्दोष जरद रंग भारी स्नि
ग्ध बहुत साफ गोल और ठण्डा पु
खराज धारणेसे उसकी नामावरी बल
लाव आयु और लक्ष्मी ज्यादा होतिहै ८ ।

जो पुखराज छिटेदार नीवा ऊंचा सा
दा रंग थोड़ा मैला लालमें हलका
कम रंग और रूपक ऐसा पुखराज
बहुत खराब होताहै ९ ॥

इति पुखराजका बयान ॥

मन पंना लालि ॥

और हिमालय देशमें सेलानमें और गे
लीनाम नागा सोभी सेलान देसमेंहै और
ब्रह्माके देसमें और शाम देसमें इन देसों
मे नीलमकी खानहै और सेलानकी उ
त्तम अलसी फूलका सा कंठ वतरंगहै प
रथान छोटा निकलताहै और गेलीकी
गहलका थान बडाहै ब्रह्मादेसका उत्त
मेहै तो थान छोटाहै शामदेसमे पैदाव
फलपर रंग अति कालाहै और जो हिमा
लय देसमें पैदाहै सो सभमें उत्तम रंग
सेग ढंगमें पदा बकुतेहै और जहां को
ला अभ्रक होताहै तहां नीलमकी खान
है जहां नीलम पैदाहै तहां मानक पुख
राजभी पैदाहै नीलमके साथ सपेदी जु
डी रहतीहै कोरे पथ्थरको खड कहतेहै
प्रथम इसको तोड पथ्थर चिटा नीला जु
दाजुदा कतेहै जब नीलेमें त्रास चीरदोष
होवे तो फिर काटतेहै फिर डलीका ढंग
देख जैसा चाट मेथेला धातावडाया तवी।
तया मणि आदि छावना उतेहै जब छुट
डली होवे तो तावडा चाटमें पांच आने र

55

हताहै रेशमीहोवे तो चहारमघा तीन आने
तक रहताहै जो कोईउत्तम डलीहोवे तो
कीमत पांच रुपए तोलेसे बीस रुपए तो
ले मिलतीहै जो पांच तोले अंदर तोल
होवे सो जो ऊपर बीसतोले तक होवे
सो पचास रुपए तोलेसे डेढसे रुपए तो
ला मिलतीहै और एक डली अंबरसर
मे छत्ती तोलेकी दस हजार रुपए को
विकी सो ढाईसे रुपैया तोलाभई औ
र तावडा घाट मजूरी मासीमे बारा आने
रत्तीसे तीन रुपए रत्तीहै जो सो रत्तीसे
ऊपर दो चारसे रत्तीका थानहोवे तो म
जूरी इनामकी तोरपर मिलतीहै और
जो मछेलाया मणि आदि घाट बनान
होवे तो मजूरी आध आना रत्तीसे चार
आने रत्तीतकहै और तवीत घाटकी म
जूरी आठ आने रत्तीसे एक रुपए रत्ती
तक मिलतीहै ॥

इन्द्रनीलया नीलमका बयान ३९२ ॥
सिंहलद्वीपके अन्तरगतमें रावण गंगाके
निकट पद्माकर देशमें इन्द्रनीलया नील
म उत्पन्न होताहै १ ॥
तमाम इन्द्रनीलका रंग नहि समान होता
है कोई कोई नील कमल नीलांबर ब
हुत साफ तलवार भ्रमर कृष्णजीका
शिरीर महादेवजीका कण्ठ मयूरके पु
छका चांद और काले अपरा जिताके
पुष्पके समान है २ ॥
समुद्रका निर्मल जल मयूरका गल नी
लरंग जलका बुदबुदा और कोकिल
का कण्ठ इन्ही सब चीजोंके समान
रंग इन्द्रनीलमें देखा जाताहै इसी प्रका
रका इन्द्रनील सिंहल देशमें पैदा होताहै २।४
जिस प्रकारसे ब्राह्मण क्षत्रि वैश्य और
शूद्र चारजात होतेहै उसीप्रकार नील।
ममें चारजात होतेहै सफेद माथिल नी
ला लाल माथिल नीला जरद माथिल
नीला काला माथिल नीला यही चा
र जात होताहै ५ ॥
इसी चारजातका इन्द्रनीलमे चारजात।

की छाया है अनुसारसे जानिआ जाता है
ब्राह्मण वर्णकी छाया सफेद है क्षत्रि व-
र्णकी लाल छाया वैश्य वर्णकी जरद छा
या और शूद्र वर्णकी काली छाया क
ह गई है ६ ॥
उत्तम मध्यम और अधम अर्थात पहला
दूसरा और तीसरा दरजेके हिसाबसे जि
स प्रकारसे पद्मराग तीन प्रकारका हो
ता है उसी तरहसे नीलमभी तीन प्र
कारका होता है ७ ॥
जिस इन्द्रनीलके मध्यमें इन्द्र धनुषके
समान आभा निकलती है वह इन्द्रनील
बऊत दुर्लभ है अनायास मिलनेसे बऊ
त मोलको बिकता है ८ ॥
जो इन्द्रनील अपने एकसौ गुणे दूधमें र
हनेसे संपूर्ण दूधको नीलरंग करता है
उसको महानील कहते है ९ ॥
रत्नके मध्य जो नीलरंग वह इन्द्रनीलः
सुरखी मायिल वह पद्मरागः जो सबज
रंग वह पन्ना जो थोड़ा नीलापन लिये
ऊये और थोड़ा लाल वह कषायः जो
पीलापन लियेऊये थोड़ा सादा वह पुख

राज और वोही युवराज लालरंग होनेसे कोरण्डक कहलाताहै ११ ॥ ११ ॥

अब नीलका गुण

गुरुत्व स्निग्धत्व वर्णाढ्यत्व पार्श्ववर्तित्व और रंजकत्व यही पंज प्रकारका गुण गुरू इन्द्रनील श्रेष्ठ है १२ ॥

जो इन्द्रनील कदमे छोटा और तोलमें भरी उसको गुरू कहतेहै गुरू इन्द्रनील अभिलाखा जथादाभी करताहै और जिसके होनेसे सदा ही सुहबत होतिहै उसको स्निग्ध कहतेहै स्निग्ध इन्द्रनील लक्ष्मीकी वृद्धि करताहै १२ ॥

सवेरके सूर्य्यके सामने रखनेसे जिस इन्द्रनीलसे नीलवर्ण शिखो निकले उसको वर्णाढ्य कहतेहै और वर्णाढ्य इन्द्रनील धन और धामकी वृद्धि होतिहै १४ ॥

जिस इन्द्रनीलके एक जगहमें स्फटिक रूपा सोणा अथवा और कोइ चमकनेवाला पदार्थ देखोजाय उसका नाम पार्श्ववर्ती अर्थात् लाजवर्त कहतेहै उसके धारणसे नामावरी होतिहै १५ ॥

जो इन्द्रनील किसी बर्तनमें रखनेसे सारे

वर्तनको कुसंग करदेवे उसका नाम रं
जक है रञ्जक इन्द्रनील दौलत यश औ
र पुत्रोंकी वृद्धि करतेहैं १९ ॥

मतपत्तालालि ।

और गुण कहतेहैं जो नीलम निर्दोष अ
लसी फूल बतरंगहोवे सुंदर घाट विरु
नताहोवे सबजी सुपेदी विना चमकदा
रहोवे सो ऋद्धि सिद्धि धन यश आयु कर
है शस्त्रभय हरकरैहै विशेषकर्कै गर्भ
वतीकी रक्षाकरैहै जबलेनाचाहै तो प्र
थम परीक्षा करलेवे शनिवारको रात
समे पवित्रहो नवीनवस्त्रधार सुगंधी द्र
व्यसाथ नीलम शिरमें बांध सयनकरे
शुभ स्वप्नदेषलेवे अशुभ देष त्यागकरे
प्रथम द्रव्यसाथ नीलम धोय बांधे पू
पदेलेवे ॥

नीलाका दोष

अभ्रक त्रास चित्रक मृदगर्भ अश्मगर्भ
और रोस यही छे प्रकारका दोष इन्द्र
नीलमें होताहै १८ ॥
जिस इन्द्रनीलके ऊपरके हिस्सेमे अभ्रक
के समान छाया मालूम होवे उसको अ

भ्रक कहतेहैं इस प्रकारका इन्द्रनील या
रनेसे आयु और लक्ष्मीका नाश होताहै ९
जिस निशानके अनुसारसे इन्द्रनील टूटा
मालूम होवे उसको त्रास कहतेहैं त्रास दो
षवाला इन्द्रनील देत कटनेवाले जानव
रोंका भय उत्पन्न करताहै जो इन्द्रनील ।
कोई प्रकारका रंग रखताहै उसका नाम
चित्रकः चित्रक दोषवाला इन्द्रनील कुल
का नाश करताहै ९ ॥
जिसके बीचके हिस्सेमें मिटि जैसा रंग मा
लूम होवे उसको मृदगर्भ कहतेहैं मृद्
गर्भ दोषवाला इंद्र नील सिताबी बिमा
री पैदा करताहै २० ॥

पंनालालिमत ॥

दोष कहतेहैं जिसमें लाल रंगकी छिट
क होवे सो धन हानी करैहैं जिसमें धूध
वत छायाहोवे सो शस्त्रभय दायकहै ।
काली छिटक या त्रास दोषहोवे सो अति
भयदायक रोगकरैहै जो पांकर वर्णकी
होवे या सभ दोष प्रतीतहोवे सो सर्वस्व
नाश करैहै आगे खोटी नीलम कहतेहैं
एक नीलीनाम पथ्थरहै सो तोलमें हल

कांगा नीला मैला सवज़ी माइल हृयक र
हित चमक थोड़ी भुक्कै है उसकी कूटीब
नाय वर्ततेहै हमरा खोट काचका बना
य वर्ततेहै ॥
जिस इन्द्रनीलके अन्दर पथरका टुकड़ा
मालूम होवे उसका नाम अश्मगर्भ क
हतेहै अश्मगर्भका नीला जानको मार
डालताहै जिसमे चीनिके समान सफेद
छिटा मालूम होता अर्थात् हृयक होवे
उसको रोत्त करतेहै रोत्त दोषवाला
इन्द्रनील मनुष्य धारे उसको देश छोड़
कर नसना होताहै २१ ॥
निर्दोष गुणवाला इन्द्रनीलमणि जि
सके पास रहे उसकी आयु और यश
जयादा होवेगा २२ ॥
जो मनुष्य निर्दोष इन्द्रनील धारताहै
नारायण उसका प्रसन्न होतेहै और
उसकी आयुर्दा नामावरी लक्ष्मी बुद्धि
ऐश्वर्य्य जयादा होताहै २३ ॥
गुणयुक्त पद्मराग धारणेसे जो फायदा
होताहै गुणयुक्त इन्द्रनील धारणेसे उ
ही फायदा होताहै दोषवाले माणिक

धारणेसे जो नुकसान होताहै उसी प्रका
र दोष दार इन्द्रनील धारणेसे वही नुक
सान होताहै २४ ॥
भारी और सक्त होनेसे इन्द्रनीलको सच्चा
समझना चाहिये अर्थात् काचसे फर
क करना चाहिये २५ ॥
इन्द्रनीलके खानेमेंसे भ्रमर जैसे रंगकी
दीप्ति और छाया विशिष्ट जो मणि उत्पन्न
होतिहै उसको भ्रामर कहतेहैं २६ ॥
जिस इन्द्रनीलमें थोडा सराबी माथिल मा-
लूम होवे उसको टिटिभ कहते है टिटिभ
जातका मणि गर्भिणी स्त्रीका गर्भ बहुत
जलद आरामसे खलास करताहै २७ ॥
महागुणसंपन्न पद्मराग मणिका जो मोल
होताहै गुणसंपन्न इन्द्रनीलकाभी वही
मोल होताहै २८ ॥
इतिनीलाका बयान ॥ ४२४ ।

अब कर्केतनका बयान ।

स्निग्ध निर्दोष सब जगह समान रंग थो
डा पीलारंग तोलमें भारा देखनेमें म
नोहर और त्रास छल्ला गोमा दोष वगैरेसे
शुद्ध कर्केतक बहुत अच्छाहै १ ॥

और जो नीलमता वड़ाछोटकी हो निर्दोष
होवे उसकी कीमत एक रुपैए रत्ती से
सो रुपैए रत्तीतक विकतीहै और मझोला
छोट चार आने रत्तीसे दो रुपैए रत्तीतक
कीमतहै रंग ढंग संग देख कीमत वढ
ती घटतीहै ॥
लहूके समान लाल चन्द्रमाके समान
सफेद मधुके समान थोड़ा जरदरंग आ
मके समान कमल लालरंग अग्निके स
मान उज्वल नीलरंग अथवा बहुत सफेद
कर्कतक पापका नाश करने वालाहै पर
तु खूब नहि बनानेके ऐबसे चमक दे
नेवाला नहिहोता २ ॥
कर्कतक मणि सोनेके पत्रमें मढ़ कर
के गले अथवा हाथमें धारणसे देखने
में बहुत अच्छा मालूम होताहै रोग और
कलि युगके दोषका नाश करताहै और
आयु यश सुखकी वृद्धि करताहै ३ ॥
जो मनुष्य इस प्रकारका बहुगुण संपन्न
वैश्रव कर्कतक जेवरकेवास्ते धारताहै
वह मनुष्य लोक समाजमें पूजित और
बहु लक्ष्मीवान बहुत भार्योंवाला तेजस्वी

और सफाई प्रसन्न रहताहै ४ ॥
कर्केतक मणि जेकर परीक्षा कियाहुया वर्ण विशिष्ट और सूर्यके समान अच्छा प्रकाश पावे तो रत्नपारखी पण्डित मतके अनुसार उसका मोल उसके तोलके समान होवेगा ५ ॥

इति कर्केतकका बयान

अथ पुलकका बयान

हारका देश अर्थात् नर्मदा नदीके किनारेके देशमें उत्पन्न हुये गुञ्जाके मुखके समान कालारंग मधु कमलकी जड़ कस्तूरी अग्नि केलेके गर्भके समान रंगवाला पुलक बहुत अच्छा है १ ॥
शाख सफेद कमल भ्रमर सूर्य्यके समान वर्णविशिष्ट और सूतदार पुलक बहुत पवित्र और मंगल करने वाला है २ ॥
काक घोड़ा गदहा शृगाल लेकड़ बाघा हाड़ गोलाके मुखके समान निशान वाला पुलक मौत करताहै इसीवास्ते पण्डित उसको छोड़नेको कहतेहैं और पल तोलमें पुलकका मोल पंज सौ रुपैया तक हो सकताहै ३ ॥

560

इति पुलकका बयान ॥

अथ रुधिराक्षका बयान

बीज बहूटीके जैसा चिह्नविशिष्ट तो
तेके चोंचके समान लाल रंग और फु
टन्न पुष्पके समान रत्नको रुधिराक्ष
कहते हैं १ ॥

जिस रुधिराक्षके बीचके हिस्सेमें चन्द्र
माके समान पाण्डुवर्ण और आशपाश
निर्दोष इन्द्रनीलके समान नीलरंग व
ही प्रकार रुधिराक्ष धारणेसे पश्वर्यकी
वृद्धि होतिहै और रुधिराक्ष खूब पकने
से सर वज्रके समान वर्णविशिष्टहोताहै २

इति रुधिराक्षका बयान ॥

अथ स्फटिकका बयान

हिमालय पर्वत सिंहलदेश विन्ध्या पर्व
तके जंगल करैबेके पृथ्वीमे बहुत
प्रज्वलित प्रकार प्रकारका स्फटिक
उत्पन्न होताहै १ ॥

हिमालय पर्वतमें पूर्ण मासीके चंद्रमे
समान सफेद रंग सूर्य्यकान्त औरकान्त
नामे दो प्रकारका स्फटिक उत्पन्न होताहै २ ।
जो स्फटिक सूर्य्य किरणके स्पर्शसे अग्नि

देताहै रत्न पारखी पंडित उसको सूर्य
कान्त अर्थात् आतशी शीशा कहतेहैं ३
पौर्णमासीके चांदके किरण स्पर्शसे जो
स्फटिक अमृत देताहै उसको चन्द्रकान्त
कहतेहैं कलियुगमें चन्द्रकान्त स्फटिक
बहुत दुर्लभहै ४ ॥

विन्ध्याचल पर्वत जंगलके करीबकी पृथ्वीमे
जो स्फटिक उत्पन्न होताहै वह अशोक
पुष्पके समान छायायुक्त और अनारदा
नेके समान प्रभाविशिष्ट होताहै परंतु
ऐसा रोशन नहि होताहै ५ ॥

हिमालय देशके मध्यनीलक नामे खा
नमे कुलरंग स्फटिक उत्पन्न होताहै औ
र जिस जगह पद्मराग मणि पैदा होतिहै
आंहांभी स्फटिक प्रकार प्रकारका पै
दा होताहै ६ ॥

जो स्फटिक बहुत साफ और जिससे
साफ पाणी निकले औरु अग्निकी प्र
कार दीप्ती होवे उसको मुक्त मोतीरस
कहतेहैं अरु जैसा जातका स्फटिक ।
लालरंग होनेसे राजवर्त बोला जाताहै
नीलरंग होनेसे उसको राजमय कहते

है और अस्त्रहस्त्रके समान निशान होनेसे
अस्त्रमय उसको कहतेहै ७ ८ ॥
आकाशके समान निर्मल स्फटिकको
नैलाख्य कहतेहै नेत्रके सफेदी सफेद
कमल कमलकी जड शंखके समान
सफेद रंग और कोर रंग होवे और और
रत्नके समान इज्जतके काबिल और
पापका नाश करने वाला नहि होताहै
परंतु कारिगर उस्तादके हाथका बना
या हुया ऊख मोल रखताहै ९ ९

इति स्फटिकका बयान् ॥

अथ भीष्म मणिका बयान ॥
कलिंगदेश मगधदेश मलयगिरि और
हिमालय पर्वतमें भीष्मरत्न उत्पन्न होता
है वे वशनाल उसका कहा जाताहै १ ॥
भीष्ममणि शंख सफेद कमलके समान
सफेद रंग शोणाक पुष्पके समान पीला
रंग और नवे हीरेके समान चमक देने
वालाहै २ ॥
जो मनुष्य निर्दोष भीष्मरत्न सोनेमें
जड करके कंठ अथवा हाथमें धारे व
ह मनुष्य सदाह प्रकार प्रकारकी संप
दा विभागी होताहै ३ ॥
गुणयुक्त भीष्मरत्न धारणेसे सब प्रका
रके विष दोषका नाशक होताहै जेकर
वाकोसेर शरभ एक प्रकारका अठपा
आका हिंसक अर्थात् जानवर हाथी
शेर और जंगलके रहने वाले हिंसक
जानवर उसके पासभी आनहि सकते ४ । ५
भीष्मरत्न धारनेसे सांप चूहा बिच्छूका
विष और जल अग्नि दुशमन और चोरका
भय नहि रहता ६ ॥
सेवार मेघके समान रंग वाला कर्क।

62

श पीलारंग वे चमक मेला और बयरंग भीष्म मणिका पविऽत हरहीस ह्वो इनेको कहतेहै ७ ॥
पविऽतजन देश और समेके भेदसे भीष्म मणिका मोल बराबर कर सकतेहै अर्थात् बहुत हर देशका उत्पन्नहुया भीष्ममणिका ज्यादा और नेरे देशमें पैदाहुया भीष्ममणिका थोड़ा माल कहतेहै ८ ॥
इति भीष्म मणिका बयान ॥

ॐ श्रीगणेशायनमः अब कहतेहैं सभ
प्रकारके रत्नों कि जाति परीक्षा गुण
अब गुण सभ जानना चाहिये जैसे नि
र्दोष रत्न धारनेसें लाभ होताहै तेसें
दोष वाला रत्न धारना दुःखका कार
णहै इसवास्ते सभ रत्नोंकी परीक्षा य
थार्थ लिखतेहैं प्रथम सभ रत्नोंके ना
म कहतेहैं हीरा १ मोती २ गोमेद ३ मा
णक ४ पन्ना ५ नीलम ६ नीला ७ ल
सनी ८ पुखराज ९ कर्कतक १० तामड़ा
११ नरम १२ स्फटक १३ मूंगा १४ ऐसेंचौ
दा प्रकारके रत्न कहेहैं यतन करके स
भ नोंका संग्रह करना चाहिये सो ग्रंथो
के अनुसार परीक्षा कर लेवे सो इनके
बीच अनेक तराके रंग गुण देखनेसे
दोष कीमत इह संभेद हार अग्नि इह
पीस हीरे ऊपर लेपकर धूपमें रख धोने
से असलिते चमक रूईमें चमक हूर
होतिहै मलूम होतेहैं और जो रत्न मा
ड़े दिनमें जैसे रिक्ता तिथि क्रूरवार मघा
ऐसे दिनमें और क्रूर लग्नमें जैसें लग्न
कास्वामी पापि ग्रहहोवे पापिग्रह देख

ताहोवे ओर माठे योगमें जो रत्न पैदा हो
ताहै सो गुण हीन दोष भागी होताहै क
हतेहैं जो राजा आपने शुभकी इछावाहै
तो परीक्षा करके जो निर्दोष रत्न होवे सो
संग्रह करे और धारण करे और कहते हैं
जो पुरुष रत्न शास्त्रमे निपुण होवे सदा
रत्नोंका ब्यवहार कर्ताहोवे और रत्न बना
ने छेदने जिला देनेमें चतुर होवे सोई र
त्नोंकी परीक्षामें चतुर कहाहै और रत्नों
के गुण दोषके प्रभावसें मनुष्योंके शुभ
अशुभ कार्य होतेहै सो स्यमंतक मणि
का हतांत भागवत दस मस्कंधमे लिखा
है यदु कुलमें अनन्मित्रका पुत्र निघ्न
नाम भया आगे निघ्नके दो पुत्रभए एक
सत्राजित दूसरा प्रसेनहै सो सत्रा जित
ने श्रीसूर्य भगवानकी आराधना करि
तब सूर्यजीने प्रसन्नहो सत्रा जितको स्य
मंतक नाम मणि देदई सोमणि प्रतिदिन
सत्रा जितको अठभार सुवर्ण देतिभई
सो भार परि भाषामें भारका प्रमान देख
लेणा और इसी मणिके प्रभावसें देसम
रमें अनावृष्टी सर्प अग्नि चोर इनका भय

2

हरक भया ऐसें मणि ओंके गुण बहुतहै
और द्विपद चतुष्पद आदिमें जो अति उत्त
म गुण युक्त होवे उसका नाम रत्न कहाहै
और इस ग्रंथमें पत्थर जाति हीरेथी आद
लेकर जो रत्नहै सो लिखतेहै ॥

नवरत्नवहोरा

पंना ४	हीरा ६	मोती २
पुषराज ५	मानक १	मुंगा ३
गोमेद ९	नीलम ७	लहसनी ८

उत्पत्ति हीरेकी दक्षण गोलकुंडेमें और
करना परनामें और मंदराजमें वेना
नदीके बीचसें निकलताहै और हिमा
लय देसमें पैदा होताहै यह खोदकर मि
ट्टि और कंकरके साथ मिला हुआ मि
लताहै प्रथम उह मिट्टि खाननिमपाय
खुला पाणिपाय धोनेसें सवजिमा इ
लन जर आउताहै जो गोला कुंडका हो
ताहै सो बडि चमक बडा थान सभसे

उत्तम होताहै परंतु थोड़ा मिलताहै इ
ह एक रत्तीसे ले पांचसे रत्तीतक मिल
ताहै कोह नूरभी इसी खानकाहै और
हैदरा वादमे नवाबके पांच तोलेका इ
सी खानकाहै परंतु इन दिनोंमें इह खा
न बंदहै और करने परनेका जोहै सोभी
चगाहै परंतु छोटे पांच विश्वेसेले सौ
रत्तितक मिलताहै। और हिमालेका
साहबसे सुनाहै आजतक देखानहि।
और वेनानदिका हीरा निकलता तीनरु
पैय रत्तिसेले पांच रुपैय तक होताहै।
अबजो हीरा नयानिकलाहै सोकेपके
मुलखमे निकलाहै सो वहुत जादा निक
लताहै सो दो हजार रत्ति तक निकलता
है थान वडा पर रंग जरद वहुत होनेसे
मोल कमहै सो पांच विश्वेसे दो रत्तित
कका मोल पांच रुपैय रत्तितक होता
